**न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।**

निष्पादन वाद संख्या 723/2022 (पुराना नंबर 75/2017)

मैसर्स श्रीराम ट्रांस्पोर्ट फाइनेंस कंपनी लि. बनाम आसीफ नसीम सिद्दकी और अन्य

**दिनांकः 18-08-2025**

वाद पुकारा गया। पुकार पर उभयपक्ष अनुपस्थित हैं।

डिक्रीदार द्वारा प्रति आपत्ति हेतु अन्य तिथि प्रदान करने के लिए प्रार्थना पत्र कागज संख्या 50ग इस आधार पर प्रस्तुत किया गया है कि डिक्रीदार के अधिवक्ता बुखार से पीड़ित होने तथा अति वर्षा के कारण न्यायालय में उपस्थित होकर प्रति आपत्ति दाखिल करने में असमर्थ है।

इस न्यायालय द्वारा दिनांक 07-07-2025 को डिक्रीदार के अधिवक्ता के बीमार होने के आधार पर डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र इस शर्त के साथ स्वीकार किया गया था कि यदि अगली तिथि पर डिक्रीदार द्वारा आपत्ति के विरूद्ध प्रतिआपत्ति प्रस्तुत नहीं की जाती है तो निर्णीतऋणी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति पर सुनवाई कर विधिनुसार आदेश पारित किया जायेगा तथा उक्त आपत्ति पर प्रतिआपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आगे डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत कोई स्थगन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा, किन्तु आज पुनः डिक्रीदार द्वारा स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। मामला सन 2017 से लम्बित है तथा पत्रावली एक्शन प्लान में शामिल है। अतः वर्तमान मामले के सम्पूर्ण तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 50ग स्वीकार होने योग्य नहीं है।

**आदेश**

डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 50ग निरस्त किया जाता है। पत्रावली दिनांक 05-09-2025 को आपत्ति कागज संख्या 42ग के निस्तारण हेतु पेश हो। इस आदेश की एक प्रति डिक्रीदार कंपनी की सहारनपुर शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाये।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2025.08.18 16:56:40 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court